

## एक नजर में

### शिक्षक दिवस पर शिक्षको को उपहार भेंट



**घट्टिया।** शासकीय महाविद्यालय घट्टिया में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने विद्यार्थियों के जीवन में मूल्य एवं चरित्र निर्माण पर विचार व्यक्त किये। साथ ही महाविद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व एवं विद्यार्थी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। महाविद्याय परिवार के बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी लाखन सिंह पंवार, अभिषेक मालवीय, नितेश सोनगर द्वारा शिक्षकों को स्मृति स्वरूप तस्वीर भेंट की गई। संचालन डॉ.दयाराम मुझाल्दे ने किया। आभार डॉ. राजेश गौर ने माना।

### चार विद्यार्थियों ने खाचरौद को गौरवांवित किया

**खाचरौद।** श्री राज रतन जैन विद्यापीठ के चार विद्यार्थियों – अनुष्का उपाध्याय, संस्कृति पांचाल, प्रतिभा राठौर और यशपाल सिंह ने संभागीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीत हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता 22 सितंबर से 27 सितंबर तक ग्वालियर में आयोजित की जाएगी। उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या वीना कुंदी, खेल शिक्षक विकास धाकड़ और विद्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह आयोजन निश्चित रूप से इन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव होगा और उनके कौशल को और भी निखारने में मदद करेगा।

### 69 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को लेकर कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों की बैठक

**उज्जैन।** 8 सितम्बर को 69 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं आयोजन समिति के संयोजकों, सहसयोजकों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल के सभागृह में किया गया।

बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से समन्वय बनाकर समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा ने बताया कि उज्जैन शहर को इस बार 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक एवं मलखम्ब प्रतियोगिता, कुश्ती फ्रीस्टाईल एवं कुश्ती ग्रीको रोमन तथा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौंपा गया हैं। आनन्द शर्मा ने भी विभिन्न समितियों के सदस्यों से चर्चा कर सभी आवश्यक तैयारियां प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रचार-प्रसार समिति संयोजक अमितोज भार्गव एवं संजय लालवानी ने बताया कि 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक एवं मलखंभ प्रतियोगिता 15 से 19 सितंबर तक शा. उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्र. 2 स्थित जिम्नेशियम हॉल में व लोकमान्य तिलक शाला परिसर, नीलगंगा उज्जैन में आयोजित होगी। 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय कुश्ती फ्रीस्टाईल एवं कुश्ती ग्रीको रोमन प्रतियोगिता 23 से 28 अक्टुबर तक क्षीरसागर स्टेडियम, कुश्ती एरीना उज्जैन में होगी। इसीप्रकार 69 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता दिनांक 24 से 28 नवम्बर 2025 तक लोकमान्य तिलक शाला परिसर, नीलगंगा उज्जैन में होगी।

प्रतिभागी खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था शा. उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्र. 2 के छात्रावास, अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज धर्मशाला नरसिंह घाट, गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला नरसिंह घाट, श्री गुजराती समाज धर्मशाला वेदनगर, भील ठाकुर समाज धर्मशाला नरसिंह घाट एवं नीमा धर्मशाला क्षीरसागर उज्जैन में रहेगी।

बैठक में विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र आर्य, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान अशोक त्रिपाठी, एडीपीसी गिरीश तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी पीएल शर्मा, प्राचार्य नरेन्द्र शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अनिल जैन, बालेन्दु दुबे, तनवीर खान, नीलिमा सोनी, अर्चना श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, उषा डोर, अनिल निकम, रामेश्वर देपन, सुरेन्द्र व्यास, असीम पण्ड्या, राजकुमार पाल, मुकेश चौधरी एवं संजय जौहरी आदि उपस्थित थे।

### 56 भोग अर्पित कर की गणेशजी की महाआरती

**उज्जैन।** अशोक नगर फ्रीगंज में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 10 दिवसीय गणेशोत्सव मनाया गया। आयोजक सन्नी गोईया एवं अंकित गोईया ने बताया कि गोईया परिवार द्वारा गजानंद गणपति को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। अद्भुत स्वरूप में गजानंद गणपति का दरबार सजाया गया। 10 दिवसीय पूजन अनुष्ठान के साथ ही गणपतिजी की प्रतिमा का विसर्जन समारोह पूर्वक किया गया।

### ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल दैवज्ञ शिरोमणि सम्मान से सम्मानित

**उज्जैन।** भोपाल में हुए अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं देवज्ञ सम्मान समारोह 2025 में उज्जैन की ज्योतिषाचार्य बगलामुखी साधिका अर्चना सरमंडल को दैवज्ञ शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। स्व. पंडित मनीराम उपाध्याय की स्मृति में रत्नवाला मालवीय नगर भोपाल में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित अर्चना सरमंडल को लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। थीसिस सबमिट करने के साथ ही ज्योतिष वस्तुत: तंत्र, कर्मकांड, टेरो कार्ड, हस्तरेखा और अध्यात्म के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान के लिए ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल को यह सम्मान दिया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं देवज्ञ सम्मान समारोह में देशभर से साधक, तंत्राचार्य, ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर सहित 200 विद्वान सम्मिलित हुए। सभी ने अपने अपने क्षेत्र और विभिन्न विषयों पर अनुसंधान किया तथा देश की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यवस्थाओं पर सभी ने अपना मत दिया।

### शरद जोशी सम्पूर्ण व्यंग्य परम्परा के विलक्षण व्यंग्यकार थे - डॉ. शैलेन्द्र शर्मा

**उज्जैन।** शरदजी के व्यंग्य में विषयों का वैविध्य है और वे आम जीवन के विषय उठाते थे। सामाजिक पाखण्ड के विरुद्ध शरद जी हमेशा खड़े होते थे और यदि व्यंग्यकारों को कालजयी व्यंग्यकार बनना है तो शरदजी से सीखना होगा और उनकी तरह आम आदमी की जबान में लिखना होगा।

यह विचार मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन की व्यंग्य पुरोधा शरद जोशी की स्मृति में प्रेस क्लब में आयोजित व्यंग्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार और विक्रम विश्व विद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने व्यक्त किये। आपने कहा कि शरद जोशी सम्पूर्ण व्यंग्य परम्परा के विलक्षण व्यंग्यकार थे। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ मालवी कवि प्रो. शिव चौरसिया ने कहा कि साहित्यिक चेतना की दृष्टि से उज्जैन आज भी समृद्ध है.

## पीला मोजेक, फसल बीमा,अतिवृष्टि व सेटेलाईट सर्वे संबंध में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**घट्टिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी घट्टिया के तत्वावधान में सोमवार को अतीप्राचीन श्री लवखेड़ी हनुमान मंदिर परिसर में कांग्रेस की एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक का प्रमुख उद्देश्य आगामी 12 सितंबर को दोपहर 12 बजे से वोट चोर, गद्दी छोड़ आंदोलन और किसानों के खेतों में हो रही फसलें खराब का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग को लेकर रहा। बैठक का आयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह पंवार के नेतृत्व में तराना विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार कार्यकर्ताओं से आगामी 12 सितंबर को दोपहर 12 बजे से उज्जैन में होने वाले वोट चोर, गद्दी छोड़ आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की अपील की। साथ ही किसानों के खेतों में हो रही फसलें खराब का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम राजाराम करजरे को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह पंवार ने बताया कि ज्ञापन में घट्टिया क्षेत्र के करीब 50 से अधिक ग्रामों के किसानों के द्वारा बोई गई सोयाबीन फसल में पीला मोजेक वायरस के कारण फसल नष्ट होने का सर्वे करवाया जाकर बीमा व राहत राशि दिलवाई जाए। पूर्व वर्षों में फसल नष्ट होने पर जो बीमा राशि दी गई है वह अत्यंत ही कम है एवं जमा किए गए प्रिमियम से कम होने से बीमा राशि फसल में हुए नुकसान के मान से दी जाए एवं वर्तमान में अतिवृष्टि से जलभराव होने के कारण फसल नष्ट हो गई है। उसका भी सर्वे करवाकर मुआवजा राशि किसानों को दिया जाए और आगामी फसल के लिए खाद की व्यवस्था की जाए। साथ ही जो सेटेलाईट सर्वे करवाया जा रहा है उसको भी बंद करवाया जाए। क्योंकि सेटेलाईन सर्वे में जमीन के रकबे में भी परिवर्तन हो रहा है आदि मांग शामिल है। पंवार ने कहा कि वर्तमान में सोयाबीन फसल में पीला मोजेक नामक वायरस से नष्ट हुई फसल का तुरंत ही सर्वे करवाया जाए। घट्टिया क्षेत्र के करीब 50 से अधिक गांव में पिला मोजेक वायरस से करीब 60 से 70 प्रतिशत एवं कई ग्रामों में संपूर्ण फसल नष्ट हो गई है। जिसका मुआवजा किसानों को जल्द दिए जाने की मांग आदि शामिल है।




इस दौरान बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरसिंह राणा, विधानसभा चुनाव प्रभारी सुरेंद्रसिंह चौहान, जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष दरबारसिंह सोलंकी, करण कुमारिया, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक जाट, प्रेमचंद त्रिवेदी, सुनील पटेल, राधेश्याम यादव, सगीर बेग, असलम लाला, चंद्रभानसिंह चंदेल, वसीम बेग मोहम्मद, कालू बाबा, संजय वर्मा, जीतू मंडोरा, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, कमलसिंह हिरावत, हेमंत जौहरी, गोपाल चौधरी, मानसिंह चौहान, द्वारकाधीश सोनी, रेणुका गांधी, शंकर पटेल, किशन चंदेल, हीरालाल मालवीय, ईश्वर मालवीय, विष्णु मालवीय, हयातउद्दीन कुरैशी, नंदकिशोर विश्वकर्मा, जीवन मालवीय, राजेंद्रसिंह सिसौदिया, नीतिराजसिंह झाला, रामचंद्र अठोला, चरण जाट, गुलाब पठान, धर्मेंद्र पटेल, विनोद कारपेंटर, सतीश मंडलोई, हरलाल मालवीय सहित सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्तागण आदि मौजूद रहे। जानकारी कांग्रेस आईटी सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव दिपांशु जैन ने दी।



## अनंत चतुर्दशी पर भव्य चल समारोह अखंड हिंदू सेना द्वारा भंडारे का आयोजन

**महिदपुर।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर में देर रात्रि विशाल चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ अखाड़ों ने भी दमदार प्रदर्शन कर नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अखंड हिंदू सेना, महिदपुर के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत ने जानकारी दी कि यह भंडारा लगातार पिछले 9 वर्षों से परम पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य शेखर महाराज के सानिध्य में सतत चल रहा है। भंडारे में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के अंतर्गत विशाल मंच का निर्माण किया गया, जिस पर आमंत्रित गायक कलाकारों ने भावपूर्ण धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही दर्शकों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वालों को इनाम प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का परंपरागत साफा बांधकर व तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अखंड हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नगर के दानदाताओं का भी विशेष सहयोग रहा।

## किसान न्याय यात्रा को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**महिदपुर। आगामी 12 सितम्बर को उज्जैन में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान न्याय यात्रा एवं वोटर अधिकार यात्रा की तैयारियों को लेकर आज महिदपुर स्थित राजपूत बोर्डिंग, बिनपुरा रोड पर विधानसभा स्तरीय बैठक नवनियुक्त उज्जैन जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार के मुख्य आतिथ्य व विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**



विशेष अतिथि के रुप में नवनियुक्त पर्यवेक्षकगण पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल पटेल, भरत पोरवाल, मोहनसिंह पंवार, ऋतुराज सिंह चौहान, मुकेश गुर्जर, रियाज खान, सुरेन्द्रसिंह गुर्जर, महिला कांग्रेस की निशा त्रिपाठी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का विधायक दिनेश जैन बोस ब्लॉक कांग्रेस महिदपुर अध्यक्ष गजराजसिंह पंवार, झारड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने साफा पहनाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति, जिम्मेदारियों सहित इसे सफल बनाने के रोडमैप पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार व महिदपुर विधायक ने विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में उज्जैन पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़ ने किया। पूर्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणछोड़ त्रिवेदी, जिला पंचायत प्रतिनिधि जीतू मंडोरा, कमलसिंह चौहान, सगीर बेग, अनिल आंचलिया, हीरालाल आंजना, कैलाश बगाना, नागूलाल मालवीय, शिवनारायण शर्मा, मदनसिंह राजपूत,महेन्द्रसिंह चौहान, जनपद प्रतिनिधि हाकमसिंह लोहार, हेमंत जोशी, अनन्त शर्मा, जुगल पांचाल आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में झारड़ा, जगोटी, महिदपुर रोड़ सहित विभिन्न ग्रामों से वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण,कांग्रेस परिवार के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार ब्लॉक अध्यक्ष गजराजसिंह पंवार ने माना। अंत में जिले के तीन पुलिसकर्मियों के निधन पर दो मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

## विधायक के हाथों साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



**बड़नगर। म.प्र. शासन आपको साइकिल अध्ययन की सुविधा के लिए प्रदान कर रहा है, आप सभी को भी साइकिल की रफ्तार से पढ़ाई कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है।**

यह विचार विधायक जितेन्द्र उदय सिंह पंड्या ने विकासखण्ड स्तरीय साइकिल वितरण कार्यक्रम में कहे। सांदीपनि विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 टी के 265 एवं कक्षा 9वी के 707 छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णदास बैरागी, विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजब सिंह देवड़ा, गीता भवन अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी, प्रभारी प्राचार्य भगवान मारु मंचासीन थे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं योजना पर दीपक आचार्य ने प्रकाश डाला।

इस अवसर पर हेमंत माथुर, अशोक शर्मा,सुभाष लोधवाल, ओ पी. व्यास, प्रवीण भाटी, दिनेश गुर्जर, गंगाराम गेहलोत, राजेश वानखेडे, सतिश कटारिया, नंदकिशोर चौहान, तेजसिंह यादव, पुष्कर पाटीदार प्रेम प्रकाश पण्ड्या आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह राठौर, (बीईओ) ने किया एवं आभार प्रदर्शन बीआरसी रामप्रसाद राठौर ने माना ।

## किसान न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक

### भाजपा के राज में किसानों की हालत दयनीय

**माकडोन।** आगामी 12 सितंबर को उज्जैन में होने जा रही किसान न्याय यात्रा, वोटर अधिकार यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विधायक महेश परमार के निर्देशानुसार यात्रा प्रभारी जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोवरा, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर मोकडी,उदय सिंह गुर्जर ने शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक ली।




जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट,जीतू पटवारी की अगुवाई में होने जा रही किसान न्याय यात्रा को सफल बनाने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेन्द्र मंडोवरा, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया और किसानों की बदहाली के लिए भाजपा सरकार की ग़लत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा के राज में किसानों की हालत दयनीय बनी हुई है। कांग्रेस पार्टी जनता की लड़ाई हमेशा लड़ती रहेगी।कार्यक्रम मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश मालवीय, ब्लाक समन्वयक विनोद सिसौदिया, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि मनीष शर्मा,कमल जाल, रामचंद्र चौधरी, एडवोकेट भगवान सिंह धाकड़ संदीप देवड़ा,भगवान सिंह गुर्जर, गौरव सोलंकी, सादिक भाई, इकरार भाई एडवोकेट नितेश कुमार धाकड़, मुकेश जाल, राहुल जैन,पप्पू पटेल, अर्जुन धाकड़, राकेश जाल,राजु गैस भगवान सिंह डेलची, दिनेश प्रजापति, आत्माराम देवल,समरथ सिंह रमेशचंद्र मालवीय, युनुस मंसूरी,हैदर मंसूरी,शुभम एरवाल,जीवन गुर्जर, बालाराम फागना, शिवपाल सिंह, मितू बना, अर्जुन एरवाल, भेरुलाल मालवीय, नाथूलाल मालवीय, रामप्रसाद मेवाड़ा,जीवन गुर्जर,होकम गुर्जर, युसुफ मंसूरी, नरेंद्र सिंह भोलडिया, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन संदीप देवड़ा ने कीया आभार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर ने माना। उक्त जानकारी गोरव सोलंकी ने दी।

**काव्य गोष्ठी** वि के रूप में राकेश चौरडिया ने 'जब तक सांस रहे मन में नवकार रहे हम भी दे माफी तुम भी दो माफी, गीत प्रस्तुत किया

## क्षमावाणी के साथ हुई जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी

**उज्जैन। जैन कवि संगम की मासिक काव्य गोष्ठी देश के वरिष्ठ प्रसिद्ध गीतकार हेमंत श्रीमाल के मुख्य आतिथ्य एवं जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी उपस्थित कवियों का सम्मान किया गया। सरस्वती वंदना डॉ. खुशबू बाफना ने प्रस्तुत की। प्रथम कवि के रूप में राकेश चौरडिया ने 'जब तक सांस रहे मन में नवकार रहे हम भी दे माफी तुम भी दो माफी, गीत प्रस्तुत किया। भारती जैन ने अपने गीत में कहा ऋषभदेव जैसा शासक हो और वैसा ही हो देश'। दिलीप जैन ने क्षमा भाव अनंत हो, जिन शासन जयवंत हो, रचना पढ़ी। डॉ. अर्चना बाफना ने क्षमा वाणी का शुभ दिन आया हृदय से हृदय मिलने का दिन आया गीत पढ़ा। संदीप सृजन ने सुनाया जब हो तन मन को क्षमा धर्म स्वीकार, पर्व पर्युषण तब होगा सार्थक व साकार। डॉ. अमरीश जैन जो मांगे क्षमा वह वीर कहलाए, जो कर दे क्षमा वह महावीर कहलाए रचना पढ़ी। डॉ. खुशबू बाफना ने अपनी रचना में कहा, क्षमा मांगने से क्षमा करने से हर उलझनें सुलझ जाती है। राकेश खेमसरा ने मुमकिन नहीं कुछ भारत से बढ़कर, हमें प्यारा वतन है जान से बढ़कर। राजेंद्र जैन ने मेरे प्रभु की भक्ति का अजब निराला ठाठ, जो मैं जाऊं एक पग ,वह आए पग साठ। संगीता तल्लेरा ने अपनी रचना ''शब्द भी यात्रा करते हैं, सुनाई। सुदीप जैन ने पर्वराज पर्युषण आया स्वागत इसका करते हैं, रचना पढ़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत श्रीमाल ने 'खफा जो है उनसे वफ़ा मांग लेना, भूला बैर दिल से दुआ मांग लेना, तनावों से बचना अगर चाहते हो क्षमा कर सभी से क्षमा मांग लेना नामक गीत पढ़ा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने क्षमा मानव की महानता है, हृदय की विशालता है, क्षमा से पनपती परस्पर प्रीत है, क्षमा में नहीं किसी की हार सभी की जीत है, गीत पढ़ा। संचालन कर रहे योगेंद्र बेनाडा ने हर प्राणी में जब क्षमता का भाव होगा, तब ही धरा पर शांति सद्भाव होगा रचना पढ़ी। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित विचार क्रांति मंच के संयोजक अनिल पांचाल सेवक ने अपनी मालवी रचना मैतो सीधो साधो इंसान सुनाई। काव्य गोष्ठी में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा नारद मुनि पुरस्कार से सम्मानित संदीप सृजन का जैन कवि संगम की ओर से अभिनंदन किया गया। आभार जैन कवि संगम के सचिव राजेंद्र जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

